#ConvocationTime कोलगेट पामोलिव इंडिया की एमडी प्रभा नरसिम्हन होंगी चीफ गेस्ट

आईआईएम का दीक्षांत समारोह 14 को, पहली बार सुबह 8.30 बजे

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर. नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) का 14वां दीक्षांत समारोह 14 अप्रैल को आयोजित किया गया है। खास बात यह कि कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे शुरू होगा। ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि इसकी टाइमिंग सुबह की है।

बताया गया कि अतिथियों की उपलब्धता के हिसाब से समय बढ़ाया भी जा सकता है। समारोह का आयोजन शबरी मैदान आईआईएम परिसर में होगा, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी उपाधि प्रदान की जाएगी और उनकी मेहनत का जश्न मनाया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि प्रभा नरसिम्हन, (एमडी एवं सीईओ, कोलगेट पामोलिव इंडिया लिमिटेड) रहेंगी, जो विद्यार्थियों को प्रेरणादायक दीक्षांत भाषण देंगी। वहीं, पुनीत डालमिया, अध्यक्ष, शासी मंडल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से होगी। इसके बाद मुख्य अतिथि और शासी मंडल के अध्यक्ष का संबोधन, डिग्री वितरण, शपथ ग्रहण, और पुरस्कार वितरण की प्रक्रिया संपन्न होगी। संस्थान के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी इस अवसर पर संस्थान की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे।

कौन हैं प्रभा नरसिम्हन

प्रभा नरसिम्हन कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड की प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। उन्होंने सितंबर 2022 में यह पदभार ग्रहण किया। प्रभा नरसिम्हन के पास उपभोक्ता विकास, विपणन और नवाचार के क्षेत्र में लगभग 25 वर्षों का व्यापक अनुभव है। कोलगेट में शामिल होने से पहले, उन्होंने हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचएलयू)में कार्यकारी निदेशक के रूप में होम केयर श्रेणी का नेतृत्व किया औरएचएलयू लीडरशिप टीम की सदस्य रहीं।

रविवि: 60 गोल्ड मेडल में से 41 गर्ल्स के खाते में

रविवि का 28वां दीक्षांत समारोह में 60 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा, जिसमें 41 छात्राएं शामिल हैं। इसके अलावा, 97 स्टूडेंट्स को मेमोरियल अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। हालांकि, मेडल पाने वाले छात्रों को अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि चीफ गेस्ट के नाम की घोषणा अब तक नहीं हुई है। गोल्ड मेडलिस्ट की सूची में इस बार भी छात्राओं ने अपना वर्चस्व कायम रखा है। 60 में से 41 गोल्ड मेडल छात्राओं को मिलेंगे, जो यह दर्शाता है कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया गया है। पीएचडी और गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को निर्धारित गाउन और स्टोल पहनना होगा। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, और जल्द ही मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा की जाएगी।

Patrika, 05 April 2025, P.01